(CBSE Affiliation No - 1730972)
KESHAV VIDYAPEETH SAMITI
Governing

S L D Sr. Sec. AdarshVidyaMandir

Jamdoli, Jaipur (Raj)-302031,
Website - www.sldkvpjamdoli.com E-mail- sldavmjamdoli@gmail.com,
Mob No.(Office) 9772203250, 51, Telephone:-0141-2680932,2680680,

उपलब्धियाँ,

शैक्षणिक सत्र :— 2024—25

- दिनांक 17 जुलाई 2024 को कार्यरत शिक्षकों के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के Resourse person श्रीमती आशा शर्मा द्वारा विषय Developing the Mind, Body and Soul विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- ओलंपियाड में विभिन्न विषयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं ने प्रथम बार प्रतिभागिता की। जिसका विवरण निम्नलिखित है —

  1. **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अधिकृत हिन्दी ओलंपियाड द्वारा आयोजित हिन्दी** विषय के ओलंपियाड में 11 छात्रों ने प्रतिभागिता की । प्रतियोगिता के प्रथम चरण में छात्र चिरायु खण्डेलवाव — 8 ने गोल्ड एवं छात्र लंकेश शर्मा ने सिल्वर पदक हासिल किया।
  2. सिल्वर जोन इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड द्वारा आयोजित विज्ञान विषय में 90 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इसमें से 10 छात्रों ने गोल्ड मेडल, 06 छात्रों ने सिल्वर एवं 06 छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विशेष उपलब्धि में छात्र सौम्य शर्मा कक्षा 12 विज्ञान वर्ग ने नकद पुरस्कार रुपये 750/— जीते। सौम्या शर्मा ने राजस्थान क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागी छात्रों में से 04 छात्र द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए योग्य हैं।
  3. Indian Talent Olympiad द्वारा आयोजित गणित विषय में कुल 32 छात्रों ने प्रतिभागिता की । इसमें से 18छात्र द्वितीय स्तर की परीक्षा के लिए योग्य घोषित हुए।
- अभिभावक—शिक्षक गोष्ठी 09 नवम्बर 2024 के दिन विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इनमें विज्ञान विषय से संबंधित कक्षा तृतीय से द्वादशी तक के छात्रों द्वारा 250 प्रादर्श (माडल) प्रदर्शित किये गये।
- खेल के क्षेत्र में विद्याभारती द्वारा आयोजित विभिन्न स्तरों पर यथा— महानगरए प्रांत, क्षेत्र एवं अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित हैंडबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, बाक्सिंग, वॉलीबाल आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। इनमें से अखिल भारतीय स्तर पर हैंडबॉल 19 वर्ष ने द्वितीय, कुश्ती ग्रीको रोमन 86 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक, बाक्सिंग में एक सिल्वर, 05 कांस्य पदक पर विजय हासिल की। बैडमिंटन की 14 वर्ष की टीम ने अखिल भारतीय स्तर पर सहभागिता की। अर्णव खंडेलवाल कक्षा —11वीं ने बैडमिंटन 19वर्ष की प्रतिस्पर्धा में SGFI में प्रतिभागिता की।
- NCC Airwng का वार्षिक शिविर जून 2024 में आयोजित किया गया। इस शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कैडेट्स ने बॉलीबॉल में द्वितीय, रस्साकशी में द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में प्रथम एवं 800 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विशेष उपलब्धि में विद्यालय गत दो वर्षों से विद्यालय का NCC Airwing Troup लगातार Best troup का सम्मान हासिल कर रहा है।

- **एक भारत, श्रेष्ठ भारत** के तहत राष्ट्र स्तरीय शिविर का हल्टीघाटी, उदयपुर में 04 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए विद्यालय के NCC cadets में से 05 कैडेट्स का चयन किया गया। इन कैडेट्स ने शिविर में आयोजित बॉलीबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- विद्यालय परिसर में केशव विद्यापीठ समिति के पदाधिकारियों की प्रेरण से समाज के दानदाताओं द्वारा चार कमरों का निर्माण कार्य जारी है।
- विद्यालय के छात्रावासी छात्रों के भोजन सुविधा हेतु भामाशाह श्री सुनील जी ने अपने पिता की स्मृति में अन्नपूर्णालय का निर्माण करवाया। जिसका लोकार्पण केशव विद्यापीठ समिति के पदाधिकारियों ने द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2024 को हुआ।